समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# आंखों की गुस्ताखियां: विक्रांत मैसी और शनाया कपूर ने नए पोस्टर मे दिखाया मस्त और बेफिक्र प्यार।

Publisher

Published on 18 Jun 2025



## टाइटल सॉन्ग टीज़र भी हुआ रिलीज़, जुबिन नौटियाल की आवाज़ मे गूंजा इश्क़ का एहसास।

**पोस्टर मे दिखी मस्ती, प्यार और आज़ादी की झलक**

**बॉलीवुड गपशप :** बॉलीवुड की नई रोमांटिक म्यूज़िकल फिल्म "**आंखों की गुस्ताखियां**" का दूसरा पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में पहली बार **विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** की जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी। पोस्टर में दोनों साइकिल की सवारी कर रहे हैं, उनकी आंखों पर पट्टी बंधी है, लेकिन चेहरों पर **बेफिक्र मुस्कान** और **हवा मे खुलेपन** का एहसास उनके प्यार की गहराई को बयान करता है।

**टाइटल सॉन्ग का टीज़र भी हुआ लॉन्च**

फिल्म का टाइटल ट्रैक टीज़र भी रिलीज किया गया है, जिसे मशहूर **सिंगर जुबिन नौटियाल** ने अपनी आवाज़ दी है। इस गाने को **विशाल मिश्रा** ने कम्पोज़ किया है और इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। **म्यूज़िक प्रोडक्शन** में **कुमार गौरव सिंह, कंदरपा कलिता,** और **बितुपोन बोड़ुआह** जैसे अनुभवी नाम जुड़े हैं। **मिक्सिंग** और **मास्टरिंग** का काम त्रिहंकु लाहकार ने संभाला है।

**प्यार, धोखा और इत्तेफाक की कहानी**

फिल्म की कहानी सिर्फ रोमांस तक सीमित नहीं है। इसमें पहली नज़र का प्यार, इत्तेफाक से हुई मुलाकातें, दिल टूटने की तकलीफ, और धोखे की टीस जैसी भावनाओं को बखूबी दिखाया गया है। **विशाल मिश्रा का संगीत** इन पलों में और भी गहराई

जोड़ता है।

हाल ही में रिलीज़ हुआ फिल्म का पहला गाना "**नज़ारा**" भी दर्शकों में अच्छा खासा क्रेज़ बटोर रहा है। यह गाना **मासूम** और सच्चे प्यार को दर्शाता है।

**फिल्म निर्माण से जुड़ी अहम जानकारी**
**निर्देशक**: संतोष सिंह
**कहानी व स्क्रिप्ट**: मानसी बगला
**संगीत**: विशाल मिश्रा
**प्रस्तुति**: Zee Studios और Mini Films
**निर्माता**: मानसी बगला, वरुण बगला और Open Window Films
**मुख्य कलाकार**: विक्रांत मैसी और शनाया कपूर
**रिलीज़ डेट :** 11 जुलाई 2025 (सिनेमाघरों में)

**विक्रांत-शनाया की फ्रेश जोड़ी से उम्मीदे ं**
**विक्रांत मैसी** ने जहां अपनी दमदार एक्टिंग से हर किरदार को जीवंत किया है, वहीं **शनाया कपूर** की यह पहली बड़ी फिल्म है। इस नई जोड़ी से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। दोनों की **केमिस्ट्री पोस्टर** और गानों में साफ झलकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.